# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कासगज

पत्रांक : मान्यता/67 /2016 –2017 दिनांक : 01-04-2016

प्रबन्धक
एस0बी0डी0 पब्लिक स्कूल,
रामपुर मोहनपुरा, कासगंज।

विषय :– **निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के प्रयोजन के लिए निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 के नियम 15 के उपनियम (4) के अधीन विद्यालय के लिए मान्यता प्रमाण पत्र।**

महोदय/महोदया,

आपके तारीख08.07.2015 के आवेदन और इस संबंध में विद्यालय के साथ पश्चातवर्ती पत्राचार/निरीक्षण के प्रतिनिर्देश से मैं **एस0बी0डी0 पब्लिक स्कूल, रामपुर मोहनपुरा कासगंज** को तारीख **19.03.2016** से तारीख **18.03.2019** तक तीन वर्ष की अवधि के लिए कक्षा **नर्सरी** से कक्षा **8 अंग्रेजी माध्यम** तक के लिए अन्तिम मान्यता प्रदान करने की सूचना देता हूं।

1. मान्यता की मंजूरी विस्तारणीय नहीं है और उसमें किसी भी रूप में कक्षा 8 के पश्चात मान्यता/सम्बन्ध करने के लिए कोई बाध्यता विवक्षित नहीं है।
2. विद्यालय निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम.2009 (उपबाध 1 और निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा को अधिकार नियम 2010 (उपाबंध 2) के उपबंध का पालन करेगा।
3. विद्यालय कक्षा 1 में (या यथस्तिति नर्सरी कक्षा में) उस कक्षा में बालकों की संख्या द 25 प्रतिशत तक आस पड़ोस के कमजोर वर्गो और सुविधा विहीन समूह के बालकों व प्रवेश का पालन करेगा।
4. पैरा–3 में निर्दिष्ट बालकों के लिए विद्यालय के अधिनियम की धारा 12 की उपधा (2) के उपबंधों के अनुसार प्रतिपूर्ति किया जायेगा। ऐसी प्रतिपूर्तिया प्राप्त करने के लि विद्यालय एक पृथक बैंक खाता रहेगा।
5. सोसाइटी/विद्यालय किसी कॉपटूशन शुल्क का संग्रहण करेगा और किसी बालक उसके माता–पिता या संरक्षक को किसी स्क्रीनिंग प्रक्रिया के अध्यधीन नहीं करेगा।
6. विद्यालय किसी बालक को उसकी आयु को सबूत न होने के कारण प्रवेश देने इंकार नहीं करेगा और वह अधिनियम की धारा 15 के उपबंधों का पालन करेगा।

विद्यालय निम्नलिखित सुनिश्चित करेगा –

(I) प्रवेश दिये गये किसी भी बालक को विद्यालय में उसकी प्राथमिक शिक्षा पूरी ह तक किसी कक्षा में फेल नहीं किया जायेगा या उस विद्यालय से निष्कासित नहीं कि जायेगा।

क्रमशः.......2 पर

Manager
S.B.D. Public School
Rampur, Mohanpura (Kasganj)

S.B.D. Public School Rampur Mohanpura (Kasganj)

(IV) प्राथमिक शिक्षा पूरी करने वाले प्रत्येक बालक को नियम 25 के अधीन अधिकाधिक किये गये अनुसार प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

(V) अधिनियम के उपबंध के अनुसार निःशक्तता ग्रस्त/विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना।

(VI) अध्यापक अधिनियम की धारा 24(1) के आधीन यथा अधिकथित न्यूनतम अर्हताओं के साथ की जाती है परन्तु यह और कि विद्यालय अध्यापक जिनके पास इस अधिनियम के प्रारंभ पर न्यूनतम अर्हतायें नहीं है पांच वर्ष की अवधि के भीतर ऐसी न्यूनतक अर्हतायें अर्जित करेंगे।

(VII) अध्यापक अधिनियम की धारा 24(1) के अधीन विनिर्दिष्ट अपने कर्तव्यों का पालन करता है।

(VIII) अध्यापक स्वयं को किसी निजी अध्यापन क्रियाकलापों में नियोजित नहीं करेंगे।

7. विद्यालय समुचित प्राधिकारी द्वारा अंधिकथित पाठ्यचर्या के आधार पर पाठ्यक्रम का पालन करेगा।

8. विद्यालय अधिनियम की धारा 19 में यथा विनिर्दिष्ट विद्यालय के मानकों और मानदण्डों को बनाये रखेगा। अंतिम निरीक्षण के समय रिपोर्ट की गई प्रसुविधायें निम्नानुसार हैं –

कुल निर्मित क्षेत्र

क्रीडा–स्थल का क्षेत्रफल

कक्षाओं की संख्या

प्राध्यापक सह कार्यालय सह भांडागार के लिए कंक्ष

बालक और बालिकाओं के लिए प्रथक–प्रथक शौचालय

पेयजल सुविधा

मिड–डे–मील पकाने के लिए रसोई

वाधारहित पहुंच

अध्यापक पठन सामग्री/क्रीडा खेलकूद उपस्करों/पुस्तकालय की उपलब्धता

9. विद्यालय के परिसरों के भीतर या उसके बाहर विद्यालय के नाम से कोई गैर–मान्यता प्राप्त कक्षायें नहीं चलायी जायेगी।

10. विद्यालय भवनों या अन्य संरचनाओं या क्रीडा–स्थल का प्रयोग केवल शिक्षा और कौशल विकास के प्रयोजनों के लिए किया जाता है।

11. विद्यालय को सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 (1860 का 21) के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी सोसाइटी द्वारा या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन गठित किसी लोक न्याय द्वारा चलाया जा रहा है।

12. स्कूल को किसी व्यष्टि व्यटिगों के समूह का संगम या किन्ही अंय व्यक्तियों के लाभ के लिए नहीं चलाया जा रहा है।

13. विद्यालय के लेखाओं की किसी चार्टर्ड एकाउंटेन्ट द्वारा संपरीक्षा की जानी चाहिए और उसके द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए तथा उचित लेखा विवरण नियमों के अनुसार तैयार किये जाने चाहिए प्रत्येक लेखा विवरण की एक प्रति प्रत्येक वर्ष जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी जानी चाहिए।

14. आपके विद्यालय को आवंटित मान्यता कोड 08 (1) ........है। कृपया नोट कर लें और इस कार्यालय के साथ किसी पत्राचार के लिए इस संख्याक को उल्लेख करें।

15. विद्यालय ऐसी रिपोर्ट और सूचना प्रंस्तुत करता है जों समय–समय पर शिक्षा निर्देश/जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपेक्षित हो और समुचित सरकार/स्थानीय प्राधिकारी के

क्रमशः.......3 पर

S.B.D. Public School Rampur Mohanpura (Kasganj)

Principal

Manager
S.B.D. Public School
Rampur, Mohanpura (Kasganj)

(3)

ऐसे अनुदेशों का पालन करता है जो मानरूता संबंध शर्तो के सतत् अनुपालन को सुनिश्चित करने या विद्यालय के कार्यकरण की कमियों को दूर करने के लिए जारी किये जाये।

16 सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण के नवीनीकरण यदि कोई हो, को सुनिश्चित किया जावे॥

17 संलग्न उपाबंध के अनुसार अन्य कोई शर्त।

भवदीय

(दीवान सिंह)

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

कासगंज

S.B.D. Public School Principal Rampur Mohanpura (Kasganj)

Manager

S.B.D. Public School

Rampur, Mohanpura (Kasganj)

S.B.D. Public School Principal Rampur Mohanpura (Kasganj)